47

**बिहार सरकार**

**खेल विभाग**

**:– संकल्प :–**

सं० संख्या–1/स्टे. 1–28/2025–785 पटना, दिनांक–25.02.2025

**विषयः–** **प्रगति यात्रा के क्रम में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के आलोक में कैमूर जिला के भगवानपुर में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण हेतु कुल ₹ 3711.15 लाख (सैंतीस करोड़ ग्यारह लाख पन्द्रह हजार रूपये) मात्र के तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन पर प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।**

प्रगति यात्रा के क्रम में माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा की गयी घोषणा के आलोक में कैमूर जिला के भगवानपुर में खेल विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण।

2. कैमूर जिला के भगवानपुर में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के अन्तर्गत निम्नलिखित खेल अवसंरचनाओं का निर्माण किया जाना हैः–

**i** बहुद्देशीय भवन (मल्टीपर्पस हॉल) (40मी0 x 20मी0 x 12.5मी0)
जनोपयोगी भवन (युटिलिटी बिल्डिंग)
भू–तल, प्रथम तल

**ii** प्रशासनिक भवन–{जी+1} (एडमिन बिल्डिंग)
भू–तल
प्रथम तल

**iii** अनुषंगी भवन (एन्सिलरी बिल्डिंग)
भू–तल

**iv** सार्वजनिक शौचालय (2 ब्लॉक)
भू–तल

**v** सुरक्षा प्रहरी कमरा (गार्ड रूम)
भू–तल

3. खेल के क्षेत्र में बिहार राज्य ने व्यापक प्रगति की है। खेल के सभी विधाओं में राज्य के खिलाड़ियों की उपलब्धि प्रशंसनीय है। स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण से राज्य में खेल प्रतियोगिताओं का वृहत् स्तर पर आयोजन होगा एवं युवाओं को प्रशिक्षण सुविधा प्रदान किये जाने से उनमें खेल के प्रति अभिरूचि बढ़ी है और खेल संस्कृति में वृद्धि हुई है तथा व्यापक सहभागिता का माहौल बना है। स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण होने पर खेलों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में बिहार के युवाओं में सहभागिता बढ़ेगी। उक्त स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा राज्य के खिलाड़ी कई राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी विशिष्ट पहचान बना पाएंगे।

4. माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा प्रगति यात्रा के क्रम में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के आलोक में कैमूर जिला के भगवानपुर में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण हेतु कुल ₹ 3711.15 लाख (सैंतीस करोड़ ग्यारह लाख पन्द्रह हजार रूपये) मात्र व्यय होने का अनुमान है।

5. माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा प्रगति यात्रा के क्रम में की गई घोषणा के आलोक में कैमूर जिला के भगवानपुर में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण हेतु कुल ₹ 3711.15 लाख (सैंतीस करोड़ ग्यारह लाख पन्द्रह हजार रूपये) मात्र के तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया जाता है।

6. उक्त राशि का वहन वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के मांग संख्या–03 के बजट शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय 60–अन्य भवन 051–निर्माण 0106–स्टेडियम एवं खेल संरचना विपत्र कोड 03–4059600510106 विषय शीर्ष 53–01 मुख्य निर्माण कार्य के अंतर्गत उपबंधित राशि से विकलनीय होगी।

7. उपरोक्त पर दिनांक–25.02.2025 को मंत्रिपरिषद् की बैठक में मद संख्या–38 में स्वीकृति प्राप्त है।

**आदेशः– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी हेतु बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित कराये जाय और इसकी प्रति सभी संबंधित विभाग/पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु उपलब्ध करायी जाय।**

25/02/25

**(निरंजन कुमार)**
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–1/स्टे. 1–28/2025–785 पटना, दिनांक–25.02.2025

प्रतिलिपि :–अवर सचिव, ई–गजट कोषांग, गजट, वित्त विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना–80007 को राजकीय गजट के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि इस संकल्प की 500 प्रतियाँ इस विभाग में भेजने की कृपा की जाय।

25/02/25

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–1/स्टे. 1–28/2025–785 पटना, दिनांक–25.02.2025

प्रतिलिपि :–महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, वीरचंद पटेल पथ, पटना/महालेखाकार (लेखा परीक्षक), बिहार वीरचंद पटेल पथ, पटना/सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार (विश्वेश्वरैया भवन), पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/02/25

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–1/स्टे. 1–28/2025–785 पटना, दिनांक–25.02.2025

प्रतिलिपि :–मुख्य सचिव, बिहार/सभी अपर मुख्य सचिव/सभी प्रधान सचिव/सभी सचिव/सभी विभागाध्यक्ष/महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना/सभी प्रमंडलीय उप निदेशक, शारीरिक शिक्षा/सभी जिला खेल पदाधिकारी/सभी जिला अधीक्षक/उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा एवं संबंधित सभी पदाधिकारी एवं कर्मी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/02/25

सरकार के संयुक्त सचिव।